# डॉक्टरों का 7 दिन का वेतन काटा

## अनुपस्थित मिले डॉक्टरों पर सीएमएचओ ने की कार्रवाई, दिया नोटिस

**भोपाल, 6 नवम्बर. सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरी में डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा द्वारा गुरुवार को शहर की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया. इस दौरान सिविल डिस्पेंसरी बागसेवनिया, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोकता, संजीवनी क्लीनिक हबीबिया स्कूल में डॉक्टरों के न मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं. इन सभी डॉक्टरों के 7 दिनों की वेतन कटौती भी की गई है. इसके साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी भेजी जा रही है.**



निरीक्षण में सुबह 9:30 बजे सिविल डिस्पेंसरी बागसेवनिया में संस्था प्रभारी डॉ. स्मिता लाड अनुपस्थित मिलीं. सीएमएचओ द्वारा डॉ. लाड की उपस्थिति का मिलान सार्थक एप एवं उपस्थिति रजिस्टर से किया गया. संबंधित डॉक्टर की अक्टूबर में सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति की जानकारी के सत्यापन और उसके अनुरूप वेतन आहरण को लेकर सिविल सर्जन को पत्र भेजा गया है.

सुबह 10:30 बजे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोकता में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सलोनी सिंह अनुपस्थित मिलीं. जबकि सार्थक एप पर उनकी उपस्थिति दर्ज थी. इस सम्बन्ध में सीएमएचओ द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है. इसी प्रकार सुबह 11:30 बजे तक संजीवनी क्लिनिक हबीबिया स्कूल न पहुंचने पर डॉ. समरीन खान को भी नोटिस जारी किया गया है.

> सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि ओपीडी के निर्धारित समय पर डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण किया जा रहा है. लगातार तीन नोटिस के बाद भी कार्य में सुधार न होने पर संबंधितों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी भेजी जाएगी. वेतन आहरण करने के पूर्व सार्थक ऐप से उपस्थित का मिलान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है.



## बैतूल में बम गिरने से मचा हड़कंप!

**बैतूल.** बैतूल जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है. जहां एक खेत में तीन बम गिरने की खबर से हड़कंप मच गया. जहां बम गिरा है, वह जगह इटारसी की ताकू प्रूफ रेंज के नजदीक है. धमाकों के बाद खेतों में तीन बड़े होल दिखाई दिए. जिससे अफरा तफरी मच गई. यह पूरा मामला बीजदेही थाना क्षेत्र के ग्राम कुप्पा का बताया जा रहा है. यह गांव इटारसी की ताकू प्रूफ रेंज के नज़दीक है. धमाकों के बाद खेतों में तीन बड़े होल दिखाई दिए. जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई. हालांकि पुलिस ने अब तक बम गिरने की पुष्टि नहीं की है.



## बैरसिया में वोटर लिस्ट का सत्यापन शुरू

**बैरसिया, 6 नवंबर. चुनाव आयोग के निर्देश पर वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन ( एसआईआर ) शुरू हो गया है. बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आशुतोष शर्मा ने बताया कि आयोग के निर्देश पर सभी 277 बीएलओ ने ट्रेनिंग उपरांत गुरुवार से घर-घर जाकर चुनाव आयोग द्वारा जारी फार्म का वितरण कार्य शुरू किया है.**

बीएलओ 2003 के

**घर-घर पहुंचे बीएलओ**

एसआईआर के आधार पर वोटर्स से जानकारी लेंगे. इसके जरिये हर बूथ के प्रत्येक वोटर को फिर से वेरिफाई किया जाएगा. एसडीएम शर्मा ने कहा है कि हर घर बीएलओ तीन बार जाएंगे. जो वोटर संदिग्ध होंगे उनके दस्तावेज मांगे जाएंगे. एक बार वे घर-घर जाकर फार्म बांटेंगे, यह फार्म आधा भरा व आधा खाली होगा, जिसमें रिक्त जानकारी मतदाता को भरना है. दूसरी बार में बीएलओ मतदाताओं से भरे फार्म लेंगे. बीएलओ के इस काम की सतत निगरानी के लिए 16 निरीक्षक और 28 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं. वे वोटर वेरिफिकेशन का काम स्वयं करेंगे. इसी कड़ी में बैरसिया नगर की वार्ड क्रमांक 16 पार्क के पीछे बीएलओ सुरेश कुमार अहिरवार ने वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं को घर-घर फार्म वितरित किए.

## किसानों को 10 घंटे से कम बिजली अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**जबलपुर, 6 नवंबर. भारत कृषक समाज महाकौशल के अध्यक्ष इंजी. के. के. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों को कृषि कार्य हेतु निर्धारित 10 घंटे की निरंतर बिजली आपूर्ति न मिलने पर गहरी चिंता व्यक्त की है.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन हकीकत में कई क्षेत्रों में किसानों को केवल 4 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है. ट्रिपिंग, वोल्टेज की समस्या, बार-बार कटौती और ट्रांसफार्मर खराब होने जैसी समस्याओं से किसान बेहद परेशान हैं. अग्रवाल ने कहा कि खंभों और लाइनों की स्थिति भी दयनीय है, जिसके समाचार नियमित रूप से अखबारों में प्रकाशित होते रहते हैं. किसानों ने कई बार ज्ञापन और बैठकों के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन किसी स्तर पर कार्यवाही नहीं हुई.

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस स्थिति की जांच उच्च स्तरीय समिति से कराई जाए और जो अधिकारी किसानों को 10 घंटे से कम बिजली आपूर्ति कर रहे हैं. उन पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए.

## मिनी ट्रक और बाइक में टक्कर, एक युवक गंभीर

**सलामतपुर.** कस्बे में भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक तेज़ रफ़्तार आयशर मिनी ट्रक के ड्राइवर ने लापरवाही से मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से मोटरसाइकिल चालक के सिर में गंभीर चोटें आ गईं. युवक को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था. हालत बिगड़ने पर घायल युवक को भोपाल रेफर किया गया है. जानकारी अनुसार राजू राजपूत पिता जवाहर सिंह राजपूत निवासी ग्राम मांची थाना सांची अपने घर से किसी काम के सिलसिले में सलामतपुर आ रहा था.

## ऑटो-वैन में टक्कर, 6 लोग घायल

**रायसेन, 6 नवंबर. जिले में गुरुवार दोपहर एक लोडिंग ऑटो और वैन की आमने-सामने की टक्कर हो गई. यह हादसा गैरतगंज थाना क्षेत्र के बूढ़ागंज चादोनी में हुआ. इस दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए.**



टक्कर इतनी भीषण थी कि लोडिंग ऑटो सड़क पर पलट गया, जबकि मारुति वैन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों वाहनों को सड़क से हटाया. मारुति वैन में सवार चार लोग और लोडिंग ऑटो में सवार दो लोग घायल हुए हैं. सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए गैरतगंज के सिविल अस्पताल पहुंचाया. दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है. गैरतगंज थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने बताया कि वैन में देवनगर का एक मुस्लिम परिवार सवार था, जबकि लोडिंग ऑटो का चालक भी घायल हुआ है.

> प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों गाड़ियों की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ. सभी घायलों का गैरतगंज अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है

## चक्काजाम करने पर केस दर्ज

### एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद हुई कार्रवाई

**सिलवानी, 6 नवंबर. नगर परिषद की सफाई दरोगा माला चंदेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुद ही भाजपा सरकार में चक्काजाम कर दिया.**

थाना प्रभारी द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज करने से इंकार किए जाने पर नाराज कार्यकर्ताओं ने पहले थाने का घेराव किया, नारेबाजी की और बाद में थाने के सामने राजमार्ग 44 पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया. करीब 5 घंटे चले इस विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी के हस्तक्षेप पर चक्काजाम समाप्त हुआ.

> एसडीएम ने सफाई दरोगा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ. फरियादी संदीप शैजवार पिता बालाराम शैजवार निवासी वार्ड 14 (फल विक्रेता) की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 351(3) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया. सफाई दरोगा माला चंदेल और उनके पति दिलीप चंदेल का नाम पूर्व में भी विवादों में रह चुका है. दो दिन पूर्व एक महिला की शिकायत पर दिलीप चंदेल पर भी मामला दर्ज हुआ था.

## सरार सरपंच नरेश चौधरी बने भोपाल संभाग सचिव

**सलामतपुर.** सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरार के सरपंच नरेश कुमार चौधरी पिता कन्हैयालाल चौधरी को मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद द्वारा भोपाल संभाग का सचिव नियुक्त किया गया है.इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गुरुवार को सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा सहित दीवानगंज में मित्रों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार, गीतगढ़ सरपंच लीला कृष्ण अहिरवार, निनोद सरपंच हरिओम मीणा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित रहे.

## रास्ते में रोककर युवक पर हमला, रेफर

### मुड़ियाखेड़ा रोड पर अज्ञात बदमाशों ने की मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 6 नवंबर. रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार, विष्णु लोधी ( उम्र 25 ) निवासी मुड़ियाखेड़ा, जो दीवानगंज में स्थित एक मिनी मार्ट पर काम करता है, रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर लौट रहा था.**



इसी दौरान मुड़ियाखेड़ा रोड नहर की पुलिया के पास तीन से चार अज्ञात आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर उस पर हमला कर दिया. हमले में विष्णु के सिर, हाथ तथा पैर में गंभीर चोटें आईं. परिजन और पुलिस द्वारा उसे सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा रेफर कर दिया गया.

हालत गंभीर होने पर बाद में विदिशा से भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां वह इलाजरत है. घटना की सूचना मिलने पर सलामतपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ 296ए, 126(2), 109(1), 3/5 बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस टीम आरोपी युवकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी हुई है.

> मुड़ियाखेड़ा रोड पर कुछ अज्ञात आरोपियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया है. युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं. मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.
>
> **दिनेश सिंह रघुवंशी,**
> थाना प्रभारी सलामतपुर

## एसआईआर को लेकर भाजपा की कार्यशाला

**मंडीदीप, 6 नवंबर. औद्योगिक नगर में भारतीय जनता पार्टी मण्डीदीप मण्डल द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें मण्डल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई.**




भाजपा मण्डल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपेन्द्र पाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, जीवनसिंह पाल, प्रेमशंकर साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष पूर्णिमा जैन व बद्रीसिंह चौहान का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची के शुद्धिकरण, संशोधन आदि की विस्तृत प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए. इस दौरान जिला महामंत्री दीपेन्द्र पाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर, हर एक घर तक पहुंचकर हर एक परिवार का नाम दो बार मिलान करना है एवं उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करना है. इस संपर्क अभियान के माध्यम से बूथ समितियों को और भी मजबूत करना है.

कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जो फर्जी तरीके से मतदान कर रहे हैं, उन्हें रोकना है. इसके लिए एसआईआर एक प्रमुख माध्यम है. एसआईआर की शुरुआती प्रक्रिया देश के 12 राज्यों में की जा रही है, जिसमें से मध्यप्रदेश भी शामिल है. जिसमें आप सबकी महत्वपूर्ण भागीदारी एवं जिम्मेदारी होगी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहितों का विरोध किया है. इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, जीवनसिंह पाल, प्रेमशंकर साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, व बद्रीसिंह चौहान ने आगामी कार्य योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की एवं कार्यशाला में आए सभी पदाधिकारी एवं टोली के सदस्यों का आवश्यक मार्गदर्शन किया.



## पूर्व मंत्री पचौरी ने विधायक डॉ. चौधरी की माताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायसेन, 6 नवंबर.** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने गुरुवार को रायसेन जिले के ग्राम बेरखेड़ी में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के निवास पर पहुंचकर उनकी स्व. माताजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए.

पचौरी ने विधायक डॉ चौधरी तथा परिजन को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की.

## छात्राओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने किया संवाद

**मंडीदीप, 6 नवंबर. मंडीदीप पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत बालिकाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इसी क्रम में विवेक जागृति हयरसेकेंडरी स्कूल में 450 बालिकाओं के साथ जागरुकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया.**




थाना प्रभारी रंजीत सराठे और एएसआई पदमा वरकरे ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उन्हें कानूनी अधिकारों, साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी दी. कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प दिलाया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, सतर्क और आत्मविश्वासी बनाना था ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें. पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं को बताया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून और हेल्पलाइन उपलब्ध हैं. साइबर अपराध के मामलों में अनजान लोगों से बातचीत करने, निजी जानकारी साझा करने और किसी प्रकार की धमकी मिलने पर सतर्क रहने की सलाह दी गई.

> छात्राओं को 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1091 (महिला हेल्पलाइन), 100 (पुलिस सहायता) और 112 (आपातकालीन सेवा) जैसे महत्वपूर्ण नंबर याद रखने के लिए प्रेरित किया गया. कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अनिल भवरे ने ने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनों की जानकारी दी. वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कराना अपराध है और ऐसा करने वालों को कठोर दंड का प्रावधान है.



## मुनि ससंघ का नगर में हुआ मंगल प्रवेश

**मंडीदीप, 6 नवंबर. आचार्य 108 विराग सागर महाराज के शिष्य उपाध्याय विशोक सागर एवं विनिबोध सागर जी महाराज संसघ का गुरुवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ. जैन धर्मावलंबियों ने उनकी अगवानी की. वह औबेदुल्लागंज से विहार कर मण्डीदीप पहुंचे . जहां पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में उनकी अगवानी की गई.**


इस दौरान उन्होने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब भी आत्मा की शक्ति पहचानने यहां आए हो, आप धर्मात्मा हो, पापी व्यक्ति यहां नहीं आ पाता. आप आत्मा की अनंत शक्ति को पहचान पाओ या नहीं, अपने मान अपमान यानी अपने दुश्मन की शक्ति को अवश्य पहचान लेना.

मुनिश्री ने कहा व्यक्ति अपना चेहरा तो देखना चाहता है, किंतु अंदर की कलुषता को नहीं देखना चाहता. तुमको सुख और सुखाभास में अंतर नहीं मालूम, तुम्हें सुखाभास में ही सुख दिखता है. उन्होंने कहा कि व्यक्ति को लक्ष्य प्राप्ति के लिए रास्ते में पढ़ने वाली बाधाओं की परवाह नहीं करनी चाहिए, जो व्यक्ति बाधाओं को पार करता है. वही लक्ष्य प्राप्त कर सकता है.

मुनिश्री विनिबोद सागर जी ने कहा कि जब हमारे मन में लक्ष्य के प्रति सकारात्मक नजरिया और आत्मविश्वास होता है तो लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में कोई भी अवरोध नहीं आता है.

> इस दौरान मुनिसेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन को उपाध्याय विशोक सागर को आहार कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. इस अवसर पर समाज के विमल जैन, अरविंद जैन, विजय पहाड़िया, अशोक जैन मेडिकल, सुनील जैन काला, अज़ाद जैन, अर्पित जैन, संतोष जैन, अनूप जैन, राजेश जैन, उपेंद्र जैन, अमित भैया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

**लेटलतीफी** | मंडीदीप में अमृत योजना की कछुआ चाल, एक साल में 27 फीसदी काम



## शुद्ध पानी के लिए डेढ़ साल और करना होगा इंतजार

**मंडीदीप, 6 नवंबर. उद्योग नगरी मंडीदीप में विगत 30 वर्षों से पानी की किल्लत आए दिन सामने आती है. नगर के 200 बोर के सहारे 2.5 लाख जनता में पानी के लिए आए दिन विवाद होते रहते हैं. वही मंडीदीप के आमजन को अभी शुद्ध पेयजल के लिए लगभग 1 वर्ष से अधिक समय का इंतजार करना पड़ेगा.**

दिल्ली गाजियाबाद की ठेकेदार कंपनी बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के हाथ ये काम है, जो अभी तक सिर्फ 27 फीसदी ही हुआ है. जिससे आए दिन नगर पालिका शहरी क्षेत्र में पानी की किल्लत सामने आती है. 64 करोड़ 66 लाख रुपए से अमृत योजना 2.0 का काम वार्ड के 26 वार्डों में किया जाना है, जिसमें पीवीसी पाइप, ओवर हेड टैंक, इंटेकवेल, और जल निष्पादन (फिल्टर) प्लांट समेत कई काम किया जा रहा है.

**कैसी होगी अमृत योजना की रूप रेखा:** नगर पालिका दाहोद डेम में इंटकवेल बनाएगी. वार्ड 10 में जल संयंत्र प्लांट का निर्माण करेगी, जो प्रतिदिन 12 (एम.एल. डी) मिलियन लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करेगी. इसके बाद अलग अलग वार्डों में चार ओवरहेड टैंक से पानी की सप्लाई की जाएगी.

मंडीदीप नगर पालिका के कुछ वार्ड में 12 लाख लीटर प्रति दिन ही शुद्ध जल मिल पा रहा है, जिसमें हर माह नगर पालिका लाखों में बिल जमा करता है. जिसमें गर्मी में इंडस्ट्रीज डेवलपमेट कॉर्पोरेशन को पानी की किल्लत होती है.

**मुख्यमंत्री पेयजल आवर्धन ध्वस्त**

इस कार्यकाल से पहले मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगर को 15.55 लाख रुपए की मुख्यमंत्री पेयजल आवर्धन योजना आई थी, जिसका टेंडर भी हुआ था. कुछ ही वार्ड में काम शुरू हुआ और बाद में पूरी तरह से बंद हो गई. वहीं नगर में पहले जो पेयजल के लिए काम बंद हो गया था, उसको लेकर नगर पालिका इंजीनियर अभिषेक बाथम ने बताया कि अब उस योजना का बचा काम अमृत योजना के माध्यम से होगा. उस समय के बचे पाइप एवं सामग्री, समेत हुए कंस्ट्रक्शन अमृत योजना का ठेकेदार करेगा.

> **इनका कहना है**
>
> तकनीकी स्वीकृति के कारण काम में जरूर लेटलतीफी हुई है. परन्तु अब जल्दी ही काम को गति मिलेगी, जिसमें आम जन को 1.5 साल में शुद्ध पेय जल मिलने लगेगा.
>
> **प्रियंका अग्रवाल,**
> नपाध्यक्ष मंडीदीप